# PONDICHERRY UNIVERSITY

(A Central University)

*Bharat Ratna Dr B.R. Ambedkar Administrative Building,*
*R.Venkataraman Nagar, Kalapet, Puducherry - 605 014*

PU/Estt/NT8/2012-13/ 257 Date: 27.08.2012

A Circular received from Planning Commission, Govt of India, New Delhi regarding recruitment to the post of Research Officer is hosted below for information.

DEPUTY REGISTRAR (ADMN)

No. A-12025/4/2012-Adm.II
Government of India
Planning Commission

Yojana Bhavan, Sansad Marg,
New Delhi, the 10th July, 2012.

To

All Central Government Departments/ State Governments/ Universities etc.

**Subject :- Recruitment to the post of Research Officer (Educational Planning) in the Planning Commission in the Pay Band: 3 of Rs.15600-39100 plus Rs.5400 (Grade Pay) on Promotion/ Deputation (including short-term contract) basis.**

---

Sir,

I am directed to say that the Planning Commission requires the services of a suitable officer for appointment on the post of Research Officer (Educational Planning), in Pay Band – 3 [Rs. 15600-39100] plus Grade Pay of Rs. 5400/- (Pre-revised- Rs.8000-275-13500), by Promotion / Transfer on Deputation (including short-term contract) basis. The selection shall be made in consultation with Union Public Service Commission.

2. Officers working under the Central / State Governments / Universities/ Recognised Research Institutions/ Public Sector Undertakings/Semi-Government, Statutory or Autonomous Organisation holding analogous posts on regular basis or with 3 years' regular service in posts in PB-2 Rs.9300-34900 + Grade Pay Rs.4600 [pre-revised pay scale of Rs.6500-200-10500] or with 5 years' regular service in posts in PB-2 Rs.9300-34900 + Grade Pay Rs.4200 [pre revised pay scale of Rs.5500-175-9000] or equivalent including the Departmental erstwhile Senior Research Assistants of other than Economics and Statistics disciplines now redesignated as Economic Officers (Education), Economic Officer (Project Appraisal) and Economic Officer (Sociology)of the Planning Commission **with 5 years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis** who have the Educational Qualifications as under would be considered together :-

**ESSENTIAL**

(i) Master's degree of a Recognized University or equivalent qualification.
(ii) 3 years' experience in educational administration and research on problems connected with one or more of the following fields :-
  (a) Teaching
  (b) Research
  (c) Educational Planning

If a Departmental Economic Officer [erstwhile Senior Research Assistant] of the Planning Commission is recommended by the UPSC for appointment to any post, it will be treated as having been filled up by Promotion and in case an outsider candidate is recommended by the UPSC, the post will be offered on Deputation basis /short-term contract basis, as the case may be.

3. Details of the vacancy are available on Planning Commission website, i.e. "**http://www.planningcommission.gov.in**" under the link **"Appointment/Jobs"**. Interested applicants may download the circular as well as the Application Proforma from our website.

4. Ministries / Departments of the Central / State Governments / Universities etc. are requested to bring this vacancy to the notice of interested and eligible officers working under their administrative control including those working in Recognized Research Institutions, Public Sector Undertakings, Semi-Government, Statutory or Autonomous Organizations, etc. under their control.

Contd...2/-

5. Applications **(two copies)** for the post duly signed by the candidate and countersigned by the Head of Office or an officer authorized to sign on his behalf in the **proforma** alongwith the following documents in respect of eligible candidates who can be spared for taking up the assignment within one month from the date of intimation about selection may please be forwarded to the undersigned,:

- (i) Up-to-date Confidential Report Dossier of the candidate or photocopies of the Annual Confidential Reports of the candidate for the last five years duly attested by an Officer not below the rank of Under Secretary to the Govt. of India;
- (ii) Integrity Certificate (IC) to be signed by an Officer not below the rank of Deputy Secretary to the Govt. of India;
- (iii) Vigilance Clearance (VC) indicating that no disciplinary proceedings or criminal proceedings are either pending or contemplated against the Officer concerned; and
- (iv) List of major/ minor penalties, if any, imposed on the candidate during the last 10 years OR No Penalty Certificate (NPC), as the case may be.

Application Proforma & Format of IC, VC & NPC may please be downloaded from the Planning Commission's website and also the same will be published in the Employment News. It may please be noted that it would not be possible to entertain the application if it is not accompanied with the above documents.

6. Applications of only those candidates who are clear from vigilance angle need be forwarded. The vacancy is also being published in the Employment News. **The closing date for receipt of applications will be 60 days from the date of publication of the advertisement in the Employment News and the closing date will also be the crucial date for determining eligibility.**

7. Applicants should ensure that the application is complete in all respects and is in the **prescribed proforma.** No column of the proforma should be left blank. Wherever information is "Not Applicable" or "Nil", it may please be so stated. The applications complete in all respects may be sent to Under Secretary (A-II), Planning Commission, Room No. 516, 5th Floor, Yojana Bhavan, Sansad Marg, New Delhi – 110001. **Only complete applications (Two Copies) received through proper channel alongwith all the documents mentioned in para 5 above on or before the specified closing date. shall be considered. Applications received after the closing date or those which are not in the prescribed proforma or those which are incomplete or advance applications will not be considered.**

Yours faithfully,

(V.B. Singh)
Director (Adm.II)
Tel: 23096596

Copy forwarded to:-

1. PS to JS (Admn.) and Adviser (HRD), Planning Commission.
2. All Economic Officers of Sociology, Project Appraisal and Education disciplines of the Planning Commission who have completed/ will complete 5 years regular service in the grade as on cut off date of eligibility specified in the Annexure and possess the essential qualifications and experience for the post may complete the proforma and send it (in duplicate) to the undersigned.

सं0 ए-12025/4/2012-प्रशा.-2
भारत सरकार
योजना आयोग

योजना भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली, दिनांक 10 जुलाई, 2012

सेवा में,

केन्द्र सरकार के सभी विभाग/राज्य सरकारें/विश्वविद्यालय आदि

**विषयः योजना आयोग में वेतन बैंड: 3, 15600-39100 + 5400 रूपए (ग्रेड पे) में पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधिक अनुबंध सहित) आधार पर अनुसंधान अधिकारी (शैक्षिक आयोजना) के पद पर भर्ती।**

**महोदय,**

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योजना आयोग में वेतन बैंड - 3, (15600-39100/- रुपए) + ग्रेड वेतन 5400/- रुपए (संशोधन-पूर्व 8000-275-13500 रु.) में पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण (अल्पावधिक अनुबंध सहित) आधार पर अनुसंधान अधिकारी (शैक्षिक आयोजना) के पद पर नियुक्ति हेतु उपयुक्त अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है। चयन संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किया जाएगा।

2. केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्धसरकारी, सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों अथवा जिन्होंने वेतन बैंड - 2; 9300-34800 रु. + ग्रेड वेतन 4600 रु. (संशोधन - पूर्व वेतनमान 6500-200-10500 रु.) वाले पदों पर 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो अथवा वेतन बैंड - 2; 9300 - 34800 रु. + ग्रेड वेतन 4200 रु. (संशोधन - पूर्व वेतनमान 5500 - 175 - 9000 रु.) वाले अथवा समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा **नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर ग्रेड में 5 वर्षों की सेवा सहित** योजना आयोग के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विषयों से इतर पूर्ववर्ती विभागीय वरिष्ठ अनुसंधान सहायक जिन्हें अब आर्थिक अधिकारी (शिक्षा), आर्थिक अधिकारी (परियोजना मूल्यांकन) और आर्थिक अधिकारी (समाजशास्त्र) के रूप में पुनःपदनामित किया गया है, जिनकी शैक्षिक योग्यता निम्नानुसार हों; के नाम पर विचार किया जाएगा:

अनिवार्य

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री अथवा समतुल्य अर्हता।

(ii) शैक्षिक प्रशासन और निम्नलिखित एक या अधिक विषयों से जुड़ी समस्याओं पर अनुसंधान में 3 वर्ष का अनुभवः-

(क) शिक्षण
(ख) अनुसंधान
(ग) शैक्षिक आयोजना

यदि योजना आयोग के किसी विभागीय आर्थिक अधिकारी (पूर्ववर्ती वरिष्ठ अनुसंधान सहायक) की इस पद पर नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसा की जाती है तो वह पद पदोन्नति द्वारा भरा हुआ समझा जाएगा और यदि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा बाहरी व्यक्ति की अनुशंसा की जाती है तो पद का प्रस्ताव प्रतिनियुक्ति/अल्पावधिक अनुबंध आधार पर, जैसा भी मामला हो, किया जाएगा।

3. इस रिक्ति का विस्तृत ब्योरा योजना आयोग की वैबसाइट **"http://www.planningcommission.gov.in"** पर " Appointment/Jobs" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक परिपत्र तथा आवेदन प्रपत्र को हमारी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

4. केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों के मंत्रालयों/विभागों/विश्वविद्यालयों आदि से अनुरोध है कि वे इस रिक्ति को उनके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यरत इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों सहित मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, अर्धसरकारी, सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों आदि में कार्यरत पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों के ध्यान में भी ला दें।

5. ऐसे पात्र अभ्यर्थी जिन्हें चयन की सूचना की तारीख से एक महीने के भीतर कार्य मुक्त किया जा सके, के आवेदन पत्र **(दो प्रतियों में)** निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ संलग्न **प्रोफार्मा** में भरकर अधोहस्ताक्षरी को अग्रेषित किए जाएं, आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी तथा कार्यालयाध्यक्ष अथवा उसकी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए जाने चाहिए :

(i) अभ्यर्थी की अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर्स अथवा पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटो प्रतियां जो भारत सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित की गई हों;

(ii) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र जो कि भारत सरकार के उपसचिव स्तर के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो;

(iii) सतर्कता निकासी जिसमें यह उल्लेख किया जाए कि संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक अथवा आपराधिक कार्रवाई न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है; और

(iv) विगत 10 वर्षों के दौरान अभ्यर्थी पर लगाए गए बड़े/छोटे दण्डों की सूची, यदि कोई हो अथवा दण्ड नहीं प्रमाण पत्र, जैसा भी मामला हो।

सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, सतर्कता निकासी और दण्ड नहीं प्रमाण पत्र संबंधी फार्मेट व आवेदन प्रपत्र योजना आयोग की वेबसाइट से डाऊनलोड किया जा सकता है तथा उसी को रोजगार समाचार में भी प्रकाशित किया जाएगा। यह नोट किया जाए कि उपरोक्त दस्तावेजों के बगैर प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार करना संभव नहीं होगा।

6. आवेदन केवल ऐसे अभ्यर्थियों के ही अग्रेषित किए जाएं जो सतर्कता की दृष्टि से मुक्त हों। इस रिक्ति को रोजगार समाचार पत्र में भी प्रकाशित किया जा रहा है। **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन होगी तथा अंतिम तिथि ही पात्रता निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि होगी।**

7. आवेदनकर्ता यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन सभी प्रकार से पूरा हो और **निर्धारित प्रपत्र** में हो। प्रपत्र का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए। जहां पर सूचना लागू न हो अथवा शून्य हो, तो कृपया इसका उल्लेख किया जाए। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन, अवर सचिव (प्रशा-II), योजना आयोग, कमरा सं0 516, 5वां तल, योजना भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001 को भेजा जाए। **उपर्युक्त पैरा-5 में उल्लिखित सभी दस्तावेजों सहित उचित माध्यम से निर्धारित अंतिम तारीख तक या उससे पहले प्राप्त पूर्ण आवेदनों (दो प्रतियां) पर ही विचार किया जाएगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त अथवा जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं है अथवा अपूर्ण अथवा अग्रिम आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

भवदीय,

**(वी.बी. सिंह)**
**निदेशक, भारत सरकार**
**दूरभाष 23096596**

प्रति अग्रेषितः-

1. संयुक्त सचिव (प्रशासन) और सलाहकार (एचआरडी), योजना आयोग के निजी सचिव
2. योजना आयोग में समाजशास्त्र, परियोजना मूल्यांकन और शिक्षा विषयों के सभी आर्थिक अधिकारी जिन्होंने संलग्नक में विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख को ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर ली है/पूरी करेंगे, तथा जो इस पद के लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों, वे अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र में (दो प्रतियों में) अद्योहस्ताक्षरी को भेज दें।